## न्यूज ब्रीफ

### धरी रह गई तैयारियां नहीं पहुंचे सीडीओ

**रसूलाबाद।** ग्राम्य अंचलों में शासन सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन परखने के लिए लाला भगत ग्राम पंचायत में चौपाल आयोजित की गई थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय अधिकारी आए थे, लेकिन व्यस्तता के कारण सीडीओ नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों को निराशा हुई। ग्राम प्रधान प्रदीप बाथम ने बताया कि सीडीओ विधान जायसवाल की अध्यक्षता में इस चौपाल के आयोजन की सारी तैयारी थी। चौपाले में तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिवदर्शन, बीडीओ विपुल विक्रम सिंह, एसडीओ विद्युत शहादत सलीम, बीईओ अजब सिंह, असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव सहित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिना अनुमति निर्माण पर होगी कार्रवाई

**शिवली।** थाना समाधान दिवस पर भूमि विवाद छाए रहे। एसडीएम राजकुमार पांडेय ने भूमि विवाद को राजस्व व पुलिस टीम बनाकर हल कराने के निर्देश दिए। कहा कि सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के निर्माण कराने पर कार्रवाई की जाएगी। कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मकरंदपुर बंथा के शिवनारायण वर्मा, राकेश कुमार, नरेशचंद्र, राजकुमार ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति सड़क पर छज्जा डाल रहा है। दोनों पक्षों को बुलाकर पुलिस ने समझाया। यहां इंस्पेक्टर अपराध शीलेंद्र सिंह, थाना प्रभारी प्रवीण यादव, कानूनगो नंदकिशोर, राजकुमार राठौर, लेखपाल कामता मिश्रा, दिव्या सचान, वर्षा पाल, सुजीत सिंह, नंदलाल, नितिन बाजपेई आदि रहे।

### श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता अनुकरणीय

**शिवली।** बैरी दरियाव के सांवरा श्याम मंदिर में भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। व्यास मृदुल महाराज ने कहा कि सुदामा और कृष्ण की कथा लोकप्रिय कथाओं में से एक है। यह कहानी सच्ची मित्रता और भगवान की कृपा पर आधारित है। सुदामा और कृष्ण बचपन के दोस्त थे और उन्होंने गुरुकुल में एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। गरीबी और कष्ट में रहने के बावजूद सुदामा जब कृष्ण से मिलने जाते हैं तो भगवान कृष्ण नंगे पांव दौड़ते हुए सुदामा को गले लगाकर उनके पैर धोते है।

# जमदग्नि से जुड़ा जमथरखेड़ा के मंदिर के शिव लिंग का इतिहास

संवाददाता, रसूलाबाद

- बाणासुर ने परशुराम जी को सौंपा था शिव लिंग
- परशुराम के पिता ने जमथरखेड़ा में कर दिया स्थापित

**अमृत विचारः** जमथरखेड़ा स्थित शिवलिंग का श्रावण मास में पूजन अर्चन का विशेष महत्व है। आसपास के दर्जनों गांव के निवासी बिठूर, खेरेश्वर आदि स्थानों से गंगाजल लाकर उनका जलाभिषेक करते हैं और मनचाही मुराद पाते हैं।

बुजुर्गों की माने तो बाणासुर द्वारा अपनी राजधानी श्रोणितपुर उर्फ सढ़नपुरवा (बनीपारा) के शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग के समकालीन जमथर खेड़ा स्थित शिव मंदिर की लाट मानी जाती है। बताते हैं कि शिव आराधना के बाद बाणासुर को शिव लिंग प्राप्त हुए थे। शिवलिंगों को लेकर वह अपनी राजधानी जा रहा था। लघु शंका होने पर उसने जमदग्नि आश्रम उर्फ जमथर खेड़ा में खेल रहे बालक परशुराम को शिवलिंग


मंदिर में स्थापित शिव लिंग।

कुछ देर के लिए पकड़ने को कहा। लघुशंका के उपरांत जब उसने उस बच्चे को शिवलिंग बिना किसी थकावट के पकड़े रहते पाया तो एक शिवलिंग उसे दे दिया जिसे उसके पिता जमदग्नि ने यहां स्थापित कर दी और दूसरा शिवलिंग बाणासुर अपनी राजधानी में ले गया। मंदिर के पुजारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि यहां खेड़े की खुदाई में एक अन्य शिवलिंग भी निकला था जिसे अब सुंदर मंदिर का स्वरूप दे दिया गया है। यहां शिवरात्रि एवं सावन के महीने में लोग गंगाजल लाकर शिव जी का जलाभिषेक करते हैं और शिवरात्रि को यहां विशाल मेला लगता है। जमदग्नि आश्रम शिव जी के अनन्य भक्त सुंदरलाल पांडेय ने बताया कि बाबा के दर पर मत्था टेक कर जो भी मन्नत मांगता है उसकी पूरी होती है। प्रदेश सरकार ने इस स्थल के सुंदरीकरण एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 60 लाख स्वीकृत किया है। यहां आसपास के गांवों के लोग वर्ष पर्यन्त शिवजी का पूजन अर्चन करते हैं।

# आज धर्मगढ़ मंदिर में लगेगा भक्तों का मेला

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** हिंदुओं की आस्था के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु भक्तों के दर्शन, पूजन ,अर्चन और उनके गंगा जलाभिषेक की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए स्वयं सीओ आलोक चौधरी वह नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह ने धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।

कानपुर के बनीपारा बाणेश्वर धाम की भांति रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर भक्तों का भारी जमावड़ा होता है। अनेक कांवरिया कांवरों में गंगाजल लाकर भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करते हैं। इसके लिए श्रद्धालु भक्त रात्रि 12 बजे के बाद से आना शुरू हो जाते हैं जिनका आवागमन देर शाम तक चलता है। श्रद्धालु भक्तों को दर्शन पूजन में कोई परेशानी ना हो। इसके लिए शासन स्तर से संपूर्ण तैयारी की गई है। इन तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सीओ आलोक चौधरी ने स्वयं मंदिर परिसर का विधिवत निरीक्षण किया। वहां लगाई जा रही बैरीकेडिंग आदि जांची परखी। इस अवसर पर थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह, धर्मगढ़ बाबा सत्संग मंडल के मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।


धर्मगढ़ बाबा मंदिर में बैरीकेडिंग की गई है। अमृत विचार

### कांवरियों के स्वल्पाहार के लिए लगाया स्टाल

**शिवली।** प्राचीन बनीपारा शिव मंदिर व रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर के लिए जल चढ़ाने के लिए बिठूर में गंगाजल लेने के लिए जाने वाले कांवरियों के लिए बस अड्डे पर संजू अग्निहोत्री व रसूलाबाद रोड पर निरंकारी भवन के पास संजू गुप्ता की ओर से स्वल्पाहार, फलाहार के स्टाल लगाए गए। पूरे दिन कांवरियों का आना जाना लगा रहा। लोग गीतों पर थिरकते भी रहे।

### तड़के पहर से शुरू हो जाएगी पूजा-अर्चना

**शिवली।** महाशिवरात्रि पर मंदिरों रविवार को तड़के ही पट खुल जाएंगे। इसी के साथ ही पूजन अर्चन शुरू हो जाएगा। एसडीएम, तहसीलदार ने शनिवार को मंदिरों में व्यवस्थाएं परखीं। कस्बे के जागेश्वर मंदिर में धनुष भंग लीला होगी। बन्नापुर के नर्मदेश्वर मंदिर से शिव बारात निकलेगी। कडरी हनुमान मंदिर के भगवतेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक होगा। शोभन मंदिर के नर्मदेश्वर महादेव, बाघपुर के योगेश्वर, औनहां के पंचवटी व अकोढेश्वर, कुढ़वा के झारखंडेश्वर, सुजानपुर के सुकताल धाम, लालपुर के मनकामेश्वर, मैथा के विष्णु वल्लभ महादेव, गोपेश्वर, सत्येश्वर, शिवली के रामेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी।

# पुलिया से टकराकर बंबे में गिरा बाइक सवार, नहीं लगा सुराग

## एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गजनेर आए थे बाइक सवार लोग

संवाददाता, रनियां

- समारोह से वापसी के दौरान श्यामपुर के पास हुई दुर्घटना
- पुलिस, गोताखोर, दमकलकर्मियों की टीम ने दिन भर की तलाश

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के रायपुर-गजनेर मार्ग पर शनिवार की सुबह एक बाइक अनियंत्रित होकर घाटमपुर रजबहे की पुलिया से टकरा गई। टक्कर से बाइक चला रहा एक युवक उछलकर रजबहे में गिर गया। इसके बाद वह नजर नहीं आया। युवक के रजबहें में गिरने की सूचना पर पहुंची पुलिस, गोताखोर व फायर ब्रिगेड की टीम दिन भर उसकी तलाश करती रही लेकिन देर शाम तक उसका कहीं पता नहीं चल पाया। परिजन अनहोनी की आशंका का शिकार हैं।

गजनेर में शुक्रवार को एक शादी समारोह था। इसमें कानपुर नगर से दो अलग-अलग बाईक पर सवार


रजबहे में गिरे बाइक सवार की तलाश में जुटी पुलिस। अमृत विचार

होकर अनिल 35 वर्ष पुत्र सुखदेव निवासी बर्रा, पंकज पांडेय निवासी गड़रियन पुरवा कानपुर, सचिन दिवाकर निवासी काकादेव कानपुर तथा रवि प्रकाश निवासी कानपुर भी शामिल होने पहुंचे थे। शनिवार की सुबह पांच बजे सभी लोग वापस अपने अपने घरों को लौट रहे थे। इस दौरान श्यामपुर गांव के पास घाटमपुर रजबहे की पुलिया से एक बाइक टकरा गई।

इससे बाइक चला रहा अनिल 35 वर्ष पुत्र सुखदेव निवासी बर्रा बाइक से उछलकर घाटमपुर रजबहे में गिर गया। घटना के बाद सूचना पहुंचे इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने तलाश शुरू की। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तथा दो गोताखोरों को भी पानी में खोजबीन में लगाया गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां ने बताया कि पानी में जाल भी लगाया गया है। काफी दूर तक युवक की तलाश की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

### बस की टक्कर से दंपति गंभीर घायल

**रनियां।** थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

डेरापुर के जिगनिश निवासी ओमप्रकाश दीक्षित (54वर्ष) अपनी पत्नी पुष्पा (52वर्ष) के साथ स्कूटी से कानपुर शहर में एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। दोपहर बाद जब वह विसायकपुर स्थित एक फैक्ट्री के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ?स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में लेकर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कबूतर डेरा में पकड़ा अवैध शस्त्र कारखाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- छापेमारी में कई पिस्टल, तमंचे और कारतूस बरामद

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने करियापुर गांव के कबूतर डेरा में एक खंडहर नुमा मकान में छापा मारकर अवैध शस्त्र कारखाना पकड़ा। पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने भारी मात्रा में बने और अधबने असलहों के अलावा असलहे बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि बताया गया कि कबूतर डेरा के शुक्रवार रात सटीक सूचना पर पुलिस ने खंडहरनुमा मकान में छापा मारा तो भारी संख्या में बने अधबने असलहे और बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने मौके से अयोध्या प्रसाद और उसके पुत्र नमित निवासी फिरोज नगर थाना अजीतमल जनपद औरैया को गिरफ्तार किया। इनके पास से पांच अवैध पिस्टल मय मैगजीन 32 बोर, एक तमंचा 32 बोर, तीन तमंचा 315 बोर, एक अर्द्ध निर्मित तमंचा 12 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 32 बोर व एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में तमंचा बनाने के उपकरण के अलावा दो मोबाइल, कुछ नकदी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। दोनों का आपराधिक इतिहास है। पकड़े गए लोग उत्तर प्रदेश से लेकर आसपास के प्रदेशों में भी अवैध असलाहों की तस्करी करते थे। छापेमारी के दौरान कोयला जलाने वाले पंखा (धौकनी), लोहे की निहाई, लकडी का बोटा, बांक, इलेक्ट्रिक ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, आरी फर्मा मय ब्लेड, लोहे की हथौडी, रेती, लोहे के पाइप, प्लास, पेंचकश, लोहे काटने वाली कैंची, चाकू, कोयला, टार्च (चार्जिंग वाली) आदि मिला।

# भोलेबाबा और श्रीराम दरबार के श्रृंगार के बाद भंडारे में जुटे भक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर अकबरपुर के स्टेट बैंक रोड पर भंडारे का आयोजन हुआ। प्रसाद वितरण से पूर्व हनुमान मंदिर में भगवान भोलेनाथ, श्रीराम दरबार और बजरंग बली की मूर्ति का भव्य श्रृंगार भी किया गया।

साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष मन्नीलाल गुप्ता कई साल से यहां भंडारा करा रहे। उन्होंने बताया कि मंदिर की स्थापना करीब बारह वर्ष पूर्व की गई थी। इस बार ज्यादा भीड़ जुटी। सुबह मंदिर में पूजा-पाठ हुआ। हनुमान चालीसा पढ़ा गया। मां शशि गुप्ता और पत्नी सुप्रिया के साथ मन्नीलाल गुप्ता ने भगवान भोलेनाथ, प्रभु श्रीराम और शक्ति के देव हनुमान जी महाराज की आराधना की। इसके बाद आरती


हनुमान मंदिर में अनुष्ठान में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

हुई। दोपहर को भंडारा प्रारंभ हुआ।

भंडारे में बड़ी संख्या ने गर्मा-गरम पूरी सब्जी का प्रसाद पाया। प्रसादी पाने को लोग कतार में खड़े रहे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, मदन पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुड्डन व सर्राफा व्यापार मंडल के महामंत्री मुकेश कौशल सहित विपिन शर्मा, आशीष दीक्षित, आशीष गुप्ता संजू, रमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व सभासद मनोज सिंह चौहान, ऋषि गुप्ता, अमन गुप्ता, अंकित गुप्ता, गुड्डू मिश्रा, अर्पित मिश्रा, सौरभ मिश्रा, राहुल गुप्ता, ऋषि पुरवार आदि मौजूद रहे।

# झंडा लगाने मंदिर जा रहे युवक की करंट से मौत

संवाददाता, रनियां

- करीब एक वर्ष से रनियां में रहता था हरदोई का मिथलेश मिश्रा
- मंदिर के लिए कबाड़ की दुकान से खरीदा था लोहे का पाइप

**अमृत विचारः** शिवरात्रि की तैयारी को लेकर कस्बे की एक कबाड़ की दुकान से लोहे का पाइप लेकर मंदिर में झंडा लगाने जा रहे युवक की करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरदोई के घसा निवासी मिथलेश मिश्रा 45 पुत्र बंसीलाल मिश्रा करीब एक वर्ष से श्याम सुंदर नगर स्थित एक कबाड़ की दुकान में काम करता था। शुक्रवार शाम वह शिवरात्रि के चलते दुकान के मालिक पंकज मिश्रा के घर के बगल में स्थित एक शिव मंदिर में झंडा लगाने के लिए दुकान से लोहे का पाइप लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पाइप ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन से छू गया और वह तेज करंट की चपेट में आकर गिर पड़ा।

घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था। जानकारी पर पहुंचे पिता व परिवार वाले मोर्चरी पहुंचे और शव देख बिलख उठे। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया दिया गया है। परिजन शव लेकर गांव लौट गए हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा।

### भक्ति का उल्लास



रसूलाबाद की बंगाली शरणार्थियों की बस्ती महेंद्रनगर सेक्टर नंबर एक में शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक श्री कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। भागवत का अर्थ है भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तारण। इस कथा के सुनने मात्र से व्यक्ति का शरीर एवम् वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कर्म फल का व्याख्यान किया। इससे पहले कलश यात्रा निकाली, जो मार्गों पर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के दौरान लोगों, खासकर महिलाओं में भक्ति का उल्लास दिखा। कलश यात्रा में शामिल गोपाल गुप्ता, मंटू, विजय, गोविंद, मधु, दीवान विश्वनाथ, साबी, पुष्पा, समि आदि लोगों ने समीपवर्ती रतनपुर रजबहा से कलशों में जल भरा और फिर भगवन्नाम संकीर्तन करते हुए ग्राम भ्रमण के बाद श्रीमद भागवत कथा के पंडाल स्थल पर पहुंचे। ● अमृत विचार

संवाद कार्यक्रम

बैरी असई के रामजानकी डिग्री कॉलेज में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गिनाईं खूबियां

# ग्रामीणों के उत्थान में सहायक होगी जी राम जी योजना

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री व अकबरपुर रनियां की विधायक प्रतिभा शुक्ला ने शनिवार को केंद्रीय बजट व विकसित भारत जी राम जी किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन बैरी असई के रामजानकी डिग्री कालेज किया गया।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और ग्रामीणजन शामिल हुए। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां उपस्थित लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा नौनिहाल शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं को उपयोगी


संवाद में बोलतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।


कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। अमृत विचार

बताते हुए आभार भी व्यक्त किया।

इस मौके पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसानों का सर्वांगीण हित है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं गरीब वर्ग के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से गांवों के सतत विकास के लिए 'विकसित भारत जी राम जी योजना' लागू की गई है।

योजना के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है तथा मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर सीधे उनके खातों में किए जाने का प्रावधान है। ग्राम सभाओं में पक्की सड़क, बारातघर, पक्का नाला, शवदाह गृह समेत अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण का कार्य भी इसी योजना के तहत किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

संवाद कार्यक्रम में पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हितों के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मदन पांडेय, राजेन्द्र सिंह चौहान, रामजी गुप्ता, रविशशि द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# फेवीक्विक लगाकर रोकते थे कैश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** एटीएम में लोगों को बेवकूफ बनाकर धोखाधड़ी कर रुपये निकालने वाले पांच ठगों को पुलिस ने धर दबोचा। उनके पास से धोखाधड़ी करने का काफी सामान मिला है। पूछताछ में बताया कि कानपुर देहात और यूपी के अन्य जिलों के अलावा दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में भी इस तरह की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

भोगनीपुर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के पिलखिनी रोड पर अल्कापुरी कालोनी के पास ट्यूबवेल के पास बनी दुकानों के पास कुछ लड़कों की मौजूदगी के बारे में पता लगा था। इस पर ट्यूबवेल की घेराबंदी की गई। मौके से .शरद कुमार पुत्र महेश राठौर निवासी कटेही थाना डेरापुर, विपिन कुमार पुत्र उमाशंकर गौतम निवासी बहेरी उमरी थाना डेरापुर, कुलदीप पुत्र सरमन कोरी निवासी कटेही थाना डेरापुर, रिंकू


शनिवार को एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने खुलासा किया। अमृत विचार

पुत्र जगजीवन राम गौतम निवासी बहेरी उमरी थाना डेरापुर और सितेंद्र पुत्र विनोद कुमार कुशवाहा निवासी दलेलपुर थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक 7400 रुपये नकद, गोंद लगी प्लास्टिक की पत्ती बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि एटीएम में छेड़छाड़ कर पैसों की चोरी करते हैं। मशीन पर पहले से फेवीक्विक या गोंद लगाकर एक प्लास्टिक प्लेट या पत्ती लगा देते थे। लोग एटीएम से पैसे निकालते हैं तो उनके पैसे खाते से कट जाते हैं, लेकिन एटीएम मशीन से बाहर नहीं निकल पाते हैं। कार्डधारक के जाने के बाद प्लेट हटाकर पैसे निकाल लेते थे। कानपुर देहात के अलावा कानपुर नगर, कन्नौज, औरैया, इटावा, दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद, गुजरात, मुंबई आदि जगहों पर चोरी की हैं। दो दिन पहले भोगनीपुर चौराहे के पास पेट्रोल पंप के बगल में एटीएम में चोरी की थी।





## आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन ने फांसी लगाई

### मोबाइल पर मंगेतर से बात करने के बाद उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्थित आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत युवती का शनिवार फंदे ने शव लटका मिला। टेक्नीशियन के आत्महत्या की खबर पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी है। पुलिस के अनुसार मंगेतर से बातचीत के बाद युवती ने यह कदम उठाया है। जल्द सगाई होने वाली थी।

झारखंड के जादूघोड़ा निवासी राजनंदन रविदास की 26 वर्षीय पुत्री अंजू कुमारी आईआईटी में जूनियर टेक्नीशियन के पद पर तैनात है। वह तीन साल से आईआईटी में कार्यरत थीं। शनिवार सुबह जब अंजू की दोस्त उसे कार्यालय चलने के लिए बुलाने गई तो दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक आवाज देकर व धकियाने के बाद जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने आईआईटी प्रशासन को खबर दी। इस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और कल्याणपुर पुलिस को खबर दी। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई तो अंजू का शव फंदे से लटका पाया। सूचना पर एडीसीपी वेस्ट कपिल देव सिंह व फॉरेंसिक टीम पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार आईआईटी प्रशासन से पता चला कि अंजू देर रात कार्यालय से आईआईटी कैंपस स्थित टाइप एल अपने 102 रूम में गई थीं। डीसीपी वेस्ट एसएस कासिम आबिदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि परिवार में कुछ समस्या थी। जल्द ही अंजू की सगाई होने वाली थी। सुबह उसने मंगेतर से बात की है। उसके बाद यह कदम उठाया है। परिजनों को सूचना दी गई है। साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम भेजा गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को मौके से एक डायरी मिली है। जिसमें वह दिन की बातें लिखती थीं। अंजू के मानसिक तनाव की बात भी सामने आई है।



अंजू कुमारी।

- झारखंड की रहने वाली थीं टेक्नीशियन, सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

## शिव के मंदिर में कभी शिवाजी ने ली थी शरण...

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील के सजेती थाने से कोई पांच सौ मीटर दूर स्थित बिहारेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। इस मंदिर का निर्माण अकबर के नवरत्नों में एक रहे बीरबल ने करवाया था। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि कभी इस देवालय में छत्रपति शिवाजी महाराज ने शरण ली थी और वह यहां सुरक्षित रहे थे।

कानपुर-सागर राजमार्ग के किनारे स्थित अज्योरी (सजेती) का बिहारेश्वर महादेव मंदिर ऐतिहासिक और पौराणिक है। अकबर के नवरत्न में एक बीरबल घाटमपुर के टिकवापुर के थे और उन्हें यहां से बहुत जुड़ाव था। यह मंदिर उन्होंने ही बनवाया था। मंदिर मुगल शैली में प्राचीन ईंटों से निर्मित है और अपनी कलाकृतियों व रहस्यों के लिए प्रसिद्ध है।

घाटमपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार अवध दीक्षित बताते हैं कि यह मुगल वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण है। इसमें प्राचीन ईंटों का प्रयोग हुआ है। इसके मुख्य द्वार पर स्थापित शिलालेख की माप हर बार अलग-अलग होती है।

यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि दिल्ली से औरंगजेब की कैद से किसी तरह निकलने के बाद मराठा छत्रप शिवाजी ने इसी मंदिर में पनाह ली थी। उन्होंने यहां कई दिन रह कर महादेव की आराधना की थी। यह मंदिर स्थानीय लोगों और दूर-दराज के भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। बिहारेश्वर मंदिर परिसर में विभिन्न कलाकृतियां बनी हैं। रविवार को महाशिवरात्रि को यहां भक्तों का सैलाब उमड़ेगा।

**पुरातत्व विभाग ने संरक्षण में लिया:** इस मंदिर को पुरातत्व विभाग ने अपने संरक्षण में ले लिया है और इसके रखरखाव के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस मंदिर से लगी 84 बीघा जमीन थी और अब नए सिरे से इसका लेखाजोखा तैयार किया जा रहा है। बीरबल ने कई और मंदिरों का भी निर्माण करवाया था।

- अकबर के रत्न बीरबल ने करवाया था इसका निर्माण
- सजेती में स्थित देवालय में महाशिवरात्रि पर उमड़ेंगे श्रद्धालु

## डिप्रेशन में युवक ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** नवाबगंज में डिप्रेशन के चलते पेंटिंग कारीगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ख्योरा नई बस्ती सूर्यविहार निवासी 48 वर्षीय मनोज कुमार गौड़ पेंटिंग का काम करते थे। बड़े भाई सागर ने बताया कि तीन साल पहले मनोज की पत्नी नीशू की कैंसर के चलते मौत हो गई थी। उनके कोई संतान नहीं है। पत्नी की मौत के बाद मनोज शराब का लती हो गया था। शुक्रवार शाम को वह परिजनों के साथ घर पर मौजूद था। सभी के साथ खाना खाया और सो गया। देर रात कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर निकला और मकान के दूसरी मंजिल पर जाकर उसने फांसी लगा ली। सुबह जब परिजन ऊपर कमरे में गए तो शव फंदे से लटका पाया। पत्नी की मौत और अकेलेपन के कारण उसने यह कदम उठाया है।











शहर में आज



- **पूजन :** शहर के प्राचीन शिवमंदिरों में पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक सुबह छह बजे से।
- **भंडारा :** कैनाल रोड नहरेश्वर महादेव मंदिर में समर्पण साहित्यिक संस्था द्वारा भंडारा दोपहर 1 बजे।
- **बैठक :** चित्रगुप्त धर्मशाला गोविंद नगर में पेंशनर फोरम की कार्य समिति की बैठक दोपहर एक बजे।
- **रुद्राभिषेक :** कल्यानपुर केशवपुरम लक्ष्मी नारायणेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक दोपहर दो बजे।
- **महोत्सव :** श्रीशंकर श्रंगार समिति द्वारा स्वरूप नगर घंटाघर में महाशिवरात्रि महोत्सव शाम सात बजे।

सिटी ब्रीफ

### बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कानपुर।** बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन पर शनिवार को रायमा डांस एकेडमी संस्था ने नृत्य और संगीत संध्या का आयोजन किया। बच्चों से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रतिभागियों ने दिल को हजार बार रोका-रोका-रोका, बेकरार करके हमें यूं ना जाइए और सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं आदि गीतों को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत किया। आजा नचले, काहे छेड़े मोहे, मुझे माफ करना ओम साईं राम जैसे फिल्मी गीतों पर युवा कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं।

### ट्रक की टक्कर से गई बिजली

**कानपुर।** अहिरवां क्षेत्र में बिजली के खंभे में शनिवार सुबह करीब सात बजे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे खंभा व तार टूट गए और क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। केस्को टीम ने मरम्मत कार्य किया और दोपहर एक बजे तक बिजली आ सकी। वहीं, तकनीकी समस्या आने के कारण सीएसए, तिवारी घाट व बीमा चौराहा में बिजली सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक गुल रही।

## सोशल मीडिया पर फालोवर बढ़ाने के लिए किया अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी में फालोवर बढ़ाकर कमाई के चक्कर में तीन नाबालिग समेत आठ आरोपी अपराध कर बैठे। आरोपियों ने 10 वर्षीय बालक को डरा-धमकाकर अपहरण व फिरौती मांगने का वीडियो बनाया। इसका खुलासा आरोपियों के पकड़े जाने पर हुआ। पुलिस ने पांच आरोपियों को जेल भेजा है, जबकि तीन नाबालिगों को बाल सुधार गृह इटावा भेजा गया। जेल गए आरोपी बर्रा आठ कच्ची बस्ती का अरविंद सिंह, मो. शाहिद, अमन कटिया, वरुण विहार कच्ची बस्ती का लकी व जरौली फेस टू का चंदन कुमार है।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बर्रा आठ निवासी प्राइवेटकर्मी अमित शुक्ला की पत्नी प्रभाती उर्फ निधि ने 11 फरवरी को बेटे हर्षल के अपहरण व दो लाख रुपये फिरौती मांगे जाने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि बेटा घर के पास स्थित सब्जी मंडी से सब्जी लेने गया था। सूचना पर पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी, तभी निधि ने बताया कि बेटा घर आ गया। पुलिस ने हर्षल से पूछताछ की तो उसने बताया कि रास्ते में 14-15 साल के दो लड़के मिले थे, जो उसे बातों में उलझाकर केडीएमए स्कूल के पास सुनसान जगह ले गए। वहां एक ने फोन देकर मां के नंबर पर कॉल कराकर खुद के अपहरण होने और दो लाख रुपये की फिरौती देने की बात कही। 25 मिनट बाद दोबारा नए नंबर से कॉल कर पांच हजार रुपये की मांग की।

कुछ देर बाद यूट्यूबर होने की बात कहकर मजाक बताया। हर्षल के घर आने के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी। करीब 150 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपियों को बर्रा आठ से पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध कबूल किया। बताया कि सोशल मीडिया पर फालोअर बढ़ाकर कमाई के लिए उन्होंने अपहरण करके फिरौती मांगने का वीडियो बनाया था। यह सिर्फ मजाक था। डीसीपी ने बताया कि सभी ग्रुप बनाकर वीडियो बनाते हैं। आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के लिए और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

- 10 वर्षीय बालक का अपहरण व फिरौती वाला वीडियो बनाया

## कोडिन कफ सीरप: 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच टीम ने कोडीन कफ सीरप तस्करी में 25 हजार के इनामी सुमित को दबोच लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लखनऊ की इदिका लैब साइसेंज से सीरप खरीदता था। 50 रुपये से कम की लागत का नशे की लत पूरा करने के लिए 160 रुपये तक बेंचता। इनामी सुमित शहर के आसपास 74 मेडिकल स्टोरों में सीरप की सप्लाई करता था। हैरानी की बात है कि 2024 में उसका रिटेलरशिप लाइसेंस निलंबित होने के बाद भी सप्लाई कर रहा था।

देवनगर निवासी बालाजी मेडिकल स्टोर का संचालक सुमित केसरवानी को क्राइमब्रांच तेजी से तलाश कर रही थी। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कोडीन कफ सीरप के भंडारण मामले में औषधि निरीक्षक ने बीती 12 अक्टूबर को रायपुरवा के देवनगर में बालाजी मेडिकल स्टोर में छापेमारी की थी। जिसमें ड्रग्स एंड कास्टमेटिक एक्ट के नियमों में उल्लंघन पाया गया था। बगैर वैध अभिलेख, स्टाक रजिस्टर व डाक्टर पर्चे के बिना सीरप की सप्लाई हो रही थी। जांच में यह भी सामने आया था कि मेडिकल स्टोर संचालक ने बिलिंग में भी हेरफेर और अवैध भंडारण किया था। 55671 कफ सीरप व 1.20 लाख एल्प्राजोलम टैबलेट खरीदा था। जिसमें 2100 बोतलें व 10,800 टैबलेट टीम ने जब्त किया था और सुमित केसरवानी के खिलाफ रायपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरार चल रहे सुमित पर 25 हजार का इनाम घोषित था।

डीसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ किदवईनगर व रायपुरवा में दो मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने सरगना विनोद अग्रवाल से भी 228 बोतल जिजसीरैक्स सीरप व दवाएं खरीदी थीं। जिनकी कीमत 1.59 लाख थी। पुलिस ने आरोपी सुमित को जेल भेजा है।



सुमित।

- सुमित पर 55671 कफ सीरप व 1.20 लाख एल्प्राजोलम टैबलेट खरीदने का है आरोप






## कई मतदाताओं के मोबाइल बंद, टेंशन में बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एसआईआर का समय समाप्त हो गया है लेकिन जिन मतदाताओं को नोटिस दी गई है, उनसे कागजात मांगे जा रहे हैं और इसीलिए कई मतदाता मोबाइल स्विच आफ करके बैठ गये हैं। जिससे बीएलओ परेशान हैं और उनके घर के चक्कर लगा रहे हैं।

एसआईआर ग्रुप में कुछ बीएलओ ने नाम पता समेत पूरा विवरण डाल दिया है और मतदाताओं से जानकारी ले रहे हैं कि इनको कोई जानता हो तो बीएलओ की मदद करे। दरअसल बीएलओ ने जिन्हें नोटिस थमाई है और जिन मतदाताओं से कागजात मांगे गये हैं, उनमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। ऐसे लोगों का जवाब लेने के लिए बीएलओ उनके घर के चक्कर लगा रहे हैं क्योंकि तमाम लोगों ने अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया है। कई विधानसभा क्षेत्र में नोटिस मिलने वाले कई मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने नोटिस का जवाब नहीं दिया है, अब उनका पता लगाया जा रहा है तो कुछ पता नहीं चल रहा है, जो मोबाइल नंबर दिया गया है, वह बंद है। बीएलओ का कहना है कि कुछ दिनों तक इंतजार करेंगे, यदि नोटिस का जवाब नहीं मिलेगा तो अपने अधिकारी को पूरी रिपोर्ट सौंप देंगे।

### नए मतदाता बनने का सुनहरा मौका

कानपुर के 10 विधानसभा क्षेत्रों मे 3770 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का रिवीजन हुआ जिसमें सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहीं और अभी भी ये कार्य चल रहा है, बीएलओ बूथों पर बैठते हैं ताकि कोई मतदाता छूटने नहीं पाए। यदि 1 जनवरी 2026 को आपकी 18 वर्ष पूर्ण हो गई है तो आपके लिए मतदाता बनने का सुनहरा मौका है, आप अपने बीएलओ या फिर ऑन लाइन आवेदन करके मतदाता बन सकते हैं।




## सिटी ब्रीफ

### नौकरी का झांसा दे कारोबारी ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**कानपुर।** किदवईनगर में नौकरी का झांसा देकर धागा कारोबारी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश व जांच शुरू की है। कन्नौज की रहने वाली पीड़िता के अनुसार उसके पिता किसान हैं। वह तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी है। वह नौकरी की तलाश में शहर आई थी। इसी दौरान शुक्रवार को उसकी मुलाकात किदवईनगर वाई-ब्लाक निवासी धागा कारोबारी गगन अग्रवाल से हुई। किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसने कारोबारी को मजबूरी बताकर नौकरी मांगी थी। इस पर वह उसे किदवईनगर स्थित एक होटल में ले गए, जहां कमरे में ले जाने पर विरोध किया तो कहा कि जिससे मिलाना है। वह होटले में ही मिलेंगे। होटल पहुंचने पर आरोपी ने काफी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर उसने विरोध किया। आरोप है कि आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। किदवई नगर थानाप्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है।

### दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**कानपुर।** रायपुरवा में पुरानी खुन्नस में दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला किया। आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया। अगवा करने का प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कारवालोनगर निवासी हिमांशु दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर के अनुसार बीती 11 फरवरी की शाम वह अफीम कोठी चौराहा स्थित अपने ऑफिस के बाहर बैठे थे। तभी चार युवकों ने बृजेश सेठ का नाम लेते हुए गाली-गलौज कर पीटने के बाद सिर पर धारदार हथियार से हमला किया। बृजेश सेठ को वीडियो कॉल कर पीटते हुए भी दिखाया। फिर बाइक से अगवा करने का प्रयास किया। इलाके के लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

### पीटने के बाद आंख में अंगुली घुसेड़ी

**कानपुर।** नवाबगंज में दबंगों ने रंजिशन युवक को पीटने के बाद उसकी आंख में उंगुली घुसेड़ दी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। केसा कालोनी निवासी प्रियांशु गौड़ की तहरीर के अनुसार दिसंबर 2025 में वह अपने दोस्त रंजीत की बहन का तिलक चढ़ाने केसा पार्क नवाबगंज गए थे। जहां देर रात रंजिशन अंकित निषाद समेत अन्य चार लोगों ने घेर लिया और गाली-गलौज कर पीटा। आरोप है कि अंकित ने उसकी बाई आंख में उंगुली घुसेड़ दी। जिससे उसे अब धुंधला दिखाई देता है। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### विवाहिता ने लगाए गंभीर आरोप

**कल्याणपुर।** रावतपुर के केशवपुरम की महिला के अनुसार अप्रैल 2025 में उसकी शादी हमीरपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि युवक नपुंसकता का शिकार था। जिसपर ससुर का बड़ा भाई महिला पर बुरी नजर रखने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर ससुरालीजन पांच लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। 26 अक्टूबर को ससुरालयों ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

---

### जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आए विशेषज्ञों ने दी बेहोशी पर नई तकनीकों की दी जानकारी

# अब पूरा या आधा शरीर नहीं करना पड़ता सुन्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ऋषिकेश से आए डॉ.प्रवीण तलवार को सम्मानित करते डॉक्टर्स।

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एकेडमी ऑफ रीजनल एनेस्थीसिया ने अपनी एओआरए-4यू पहल के तहत मैगमेंटल स्पाइनल एवं कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया विषय पर वर्कशॉप आयोजित की। ऑपरेशन थिएयटर में विशेषज्ञों ने 12 मरीजों को एक ऐसी एनेस्थीसिया दी, जिससे पूरा शरीर सुन्न नहीं करना पड़ा। जिस जगह सर्जरी होनी थी, सिर्फ उसी जगह को ही सुन्न किया गया। सर्जरी के दौरान मरीज बोल रहे थे और पूरी प्रक्रिया देख भी रहे थे। विशेषज्ञ सर्जरी का लाइव प्रसारण कर मेडिकल छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दे रहे थे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में रीजनल एनेस्थीसिया की नई तकनीकों में बढ़ती रुचि पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। एयर कामंडर डॉ. मुकुल भाटिया, उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी, कार्यवाहक प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल, एनीस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अपूर्व अग्रवाल ने दीप प्रजवलन कर वर्कशॉप की शुरुआत की। एयर कामंडर डॉ. मुकुल भाटिया ने नई एनेस्थेटिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। अमरावती से डॉ. नरेश पालीवाल ने बताया कि मैगमेंटल स्पाइनल एवं कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया स्पाइनल एनेस्थीसिया के त्वरित असर और एपिडुरल के लंबे समय तक दर्द प्रबंधन का संयोजन है। एपिडुरल कैथेटर के माध्यम से सर्जरी के बाद भी दर्द को नियंत्रित किया जा सकता है। इंदौर के डॉ.जावेद खान ने बताया कि पहले किसी भी अंग की सर्जरी के लिए पूरा शरीर या आधा शरीर सुन्न करना पड़ता था। लेकिन इस नई तकनीक की मदद से पूरा शरीर सुनन करने की जरूरत नहीं पड़ती है, जिस अंग व हिस्से की सर्जरी करनी होती है, सिर्फ उस जगह को ही सुन्न किया जाता है। वहीं, बीपी, शुगर, हाइपरटेंशन, दिल व फेफड़े के रोगी समेत आदि बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को यह तकनीक राहत देती है। इस दौरान एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अपूर्व अग्रवाल, डॉ.नेहा मिश्रा, डॉ.नीतू सिंह, डॉ.वीणा अरोडा, डॉ.अनिल वर्मा, डॉ.रश्मि, डॉ.पल्लवी, डॉ. शैलेंद, डॉ.हिना, डॉ.सत्येंद्र, डॉ.भवना, डॉ. सुप्रीत सिंह, डॉ.मीनाक्षी समेत आदि डॉक्टर व मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

#### 18 शोधपत्र किए गए प्रस्तुत

- एनेस्थीसिया विभाग के मेडिकल छात्र-छात्राओं ने 18 शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनका विशेषज्ञों ने गहनता से अध्ययन किया। इसके बाद बेहतर शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले चार मेडिकल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। डॉ.अपूर्व अग्रवाल ने बताया कि शोध व पोस्टर प्रस्तुत करने में जेआर तीन डॉ.अरीमा इरम व डॉ.शिवांगी सचान और जेआर दो शिखा यादव व डॉ.लोकेश मीना को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

#### चार गंभीर सर्जरी की गईं

- डॉ.अपूर्व अग्रवाल ने बताया कि मैगमेंटल स्पाइनल एवं कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया तकनीक से 23 वर्ष की युवती का थायराइड ग्रस्त सिस्ट, अस्थमा ग्रस्त 45 वर्ष की महिला के गाल ब्लैडर, 90 वर्ष के बुजुर्ग की स्किन ग्राफटिंग, व एक मरीज का घुटना प्रत्यारोपण किया गया। सर्जरी के दौरान मरीजों से वार्ता की गई।

#### अब मरीज से बात करते हुए सर्जरी संभव

- बरेली से आईं डॉ. रिचा चंद्रा ने कहा कि यह तकनीक शरीर के निचले अंगों, पेल्विक और पेट की सर्जरी के लिए काफी अच्छी हैं, जो बेहोश किए बिना दर्द से राहत देती हैं। इससे अब मरीज से बात करते हुए सर्जरी संभव है। सीजेरियन सेक्शन और आर्थोपेडिक प्रक्रियाओं के लिए बहुत प्रभावी है। ऋषिकेश से आए डॉ.प्रवीण तलवार ने बताया कि यह एकल-खुराक स्पाइनल की तुलना में रक्तचाप और हृदय गति को बेहतर बनाए रखता है, जिससे यह बुजुर्गों या जोखिम वाले मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित है। लखनऊ से आए डॉ. शिशिर ने बताया कि यह स्पाइनल एनेस्थीसिया के त्वरित असर और एपिडुरल के लंबे समय तक दर्द प्रबंधन का संयोजन है। एपिडुरल कैथेटर के माध्यम से सर्जरी के बाद भी दर्द को नियंत्रित किया जा सकता है।

---



प्रेस वार्ता में जानाकारी देते नरेंद्र व अन्य। अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों के दबाव में प्रभावित हो रही जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अधिवक्ता राजाराम वर्मा हत्याकांड में उनके बेटे नरेंद्र ने जनप्रतिनिधियों पर जांच प्रभावित करने का आरोप लगाया है। सीबीआई को जांच स्थानांतरित होने की कवायद शुरू होते ही उनके आरोप ने हड़कंप मचा दिया है। उन्होंने दावा किया कि जेसीपी विनोद सिंह सही जांच करा रहे थे, इसलिए उनका तबादला कराया गया। यह आरोप शनिवार को नरेंद्र वर्मा ने सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता में लगाए।

नरेंद्र वर्मा ने कहा कि बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राकेश तिवारी ने उनके छोटे भाई शिवाजी की पत्नी रेखा से जमीन खरीदी थी। 20 अप्रैल 2022 को उन्होंने 11 लाख रुपये आरटीजीएस व 26 अप्रैल को 10 लाख एनईएफटी के जरिए ट्रांसफर किए थे। नरेंद्र ने कहा कि 25 अप्रैल 2025 को उन्होंने तत्कालीन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर अग्रिम विवेचना की मांग की थी। 19 नवंबर को उन्होंने ने पूरे मामले की जांच जेसीपी विनोद कुमार सिंह को सौंपी। उन्होंने जांच के बाद राकेश तिवारी को बयान के लिए बुलाया था। जिसके बाद मामला चर्चा में आया। इसके बाद विवेचना मूलगंज थाना प्रभारी से हटाकर कोतवाली प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय को दी गई। फिर हत्यारोपियों, जमीन का एग्रीमेंट कराने वाले व्यापारियों व एनआरआई सिटी के निदेशकों को भी बुलाकर पूछताछ हुई। उन्होंने दावा किया कि सही जांच कराने के कारण ही जेसीपी का तबादला कराया गया है।

---

# 20 फिट गहरे नाले में गिरा बाइक सवार, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



राजकुमार।



नाले में गिरी बाइक।

**अमृत विचार।** नर्वल में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक 20 फिट गहरे नाले में जा गिरा। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग निकला। युवक कई घंटे नाले में पड़ा रहा। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर जब पुलिस पहुंची, युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम भिजवाया।

हरचंदखेड़ा निवासी 35 वर्षीय राजकुमार शुक्रवार दोपहर बाइक से करबिगवां स्थित अपनी ससुराल गए थे। राजकुमार पेशे से किसान और मजदूरी भी करता था। परिवार में पत्नी किरन व तीन बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि रात 11 बजे राजकुमार ससुराल से घर लौट रहे थे, तभी करबिगवां पुल के पास पीछे से आए किसी तेज गति भारी वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत उछलकर 20 फिट गहने नाले में जा गिरा। सिर व शरीर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

कई घंटे बाद जब सुबह किसान खेतों की तरफ गए तो उसे नाले में पड़ा देखा। इस पर पुलिस को खबर दी। शव की शिनाख्त होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

---

# फैक्ट्री में मशीन का पार्ट गिरने से ऑपरेटर की मौत

- परिजनों व फैक्ट्री कर्मियों ने शव रखकर किया हंगामा, मालिक को मौके पर बुलाने पर अड़े
- काफी समय से ढीला था डेढ़ क्विंटल वजनी पार्ट, मैनेजर की लापरवाही से हादसे का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अवधेश सिंह।



हंगामा करते परिजन व फैक्ट्री कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सचेंडी स्थित बोरा फैक्ट्री में हाइड्रोलिक प्रेसर मशीन का पार्ट ऊपर गिरने से ऑपरेटर की मौके पर मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर परिजन व साथी कर्मी पहुंचे। आरोप है कि मशीन का पार्ट काफी समय से ढीला था। शिकायत के बाद भी मैनेजर ने ध्यान नहीं दिया। इसपर गुस्साए परिजनों व कर्मियों ने फैक्ट्री के अंदर शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन घरवाले मालिक को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे।

भीमसेन के पंचमपुरवा निवासी 28 वर्षीय अवधेश सिंह इलाके में स्थित झुनझुनवाला कंपाउंड में बोरी फैक्ट्री में ऑपरेटर थे। फैक्ट्री में ही अवधेश के पिता सुभाष सिंह भी नौकरी करते हैं। परिवार में मां राजश्री, बड़ा भाई राजकुमार, पत्नी संध्या देवी व तीन बच्चे अर्चना, सुनैना और पंकज हैं। पिता के अनुसार शनिवार सुबह छह बजे अवधेश काम पर था। वह मशीन ऑपरेट कर रहा था, तभी हाइड्रोलिक प्रेशर मशीन का एक पार्ट टूटकर उसके ऊपर गिरा। सिर व शरीर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सबसे पहले सुरक्षा कर्मी परशुराम ने देखा। पता चलने पर कर्मचारी भागकर पहुंचे और अवधेश को अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आरोप है कि हादसा फैक्ट्री मैनेजर की लापरवाही से हुआ है। प्रेशर मशीन का पार्ट काफी समय से ढीला था। जिसकी जानकारी कर्मचारियों ने बहुत पहले मैनेजर को दी थी, लेकिन उसने ठीक नहीं कराया। इससे गुस्साए कर्मचारियों व परिजनों ने फैक्ट्री में शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, पुलिस के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद शांत हुए।

**डेढ़ क्विंटल का है मशीन का पार्ट:** फैक्ट्री कर्मियों ने बताया की ऑपरेटर अवधेश पर प्रेशर मशीन का जो पार्ट गिरा उसका वजन करीब डेढ़ क्विंटल का है। मशीन संचालित करने पर वह लहराता था। जिससे गिरने का डर बना था। इसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन मैनेजर व अन्य जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा ऑपरेटर की जान चली गई।

#### 50 लाख की मांग, 10 पर बनी सहमित

- परिजनों ने फैक्ट्री मालिक से 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। विवाद बढ़ता देख पुलिस ने उचित कार्रवाई और फैक्ट्री मालिकों से बात करने का भरोसा दिलाया, तब जाकर दो घंटे बाद परिजन शांत हुए। सचेंडी थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि 10 लाख रुपये मुआवजे पर सहमति बनी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# भांजी की शादी से लौट रहे युवक को वाहन ने रौंदा

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल वाहन का पता लगा रही पुलिस, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सुनील कुमार।

**अमृत विचार।** बिठूर में भांजी की शादी से लौट रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर शादी वाले घर में कोहराम मच गया। रीति-रस्म निभाकर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

मूलरूप से कानपुर देहात के शिवली भवानीपुर निवासी 36 वर्षीय सुनील कुमार खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी मीरा, दो बेटे नमन व तनमय हैं। बड़े भाई कुंवर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात सुनील बिठूर में भांजी की शादी में शामिल होने गए थे। वहां से देर रात लौट रहे थे, तभी मंधना हाईवे भगवंतपुर के पास पीछे से आए किसी के वाहन उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में सुनील की मौके पर ही मौत हो गई और वाहन चालक भागने में कामयाब रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया और उसके पास मिले कागजात व मोबाइल से परिजनों को हादसे की खबर दी। वहीं हादसे की खबर पर शादी वाले घर में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम हाउस पर शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

#### कंटेनर ने मजदूर को रौंदा, मचा कोहराम

- **कानपुर।** जाजमऊ में मजदूरी करके घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया। युवक के मौत की खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उन्नाव के गंगाघाट झब्बूपुरवा गांव निवासी 32 वर्षीय अनिल कुमार मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी सुक्खी, बेटी शिवानी, मान्सी, नैंसी व बेटा शिवम हैं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार वह लालबंगला में मजदूरी करने गया था। काम खत्म होने के बाद रात नौ बजे वह बाइक से गांव जा रहा था, तभी जाजमऊ नई चुंगी के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मारकर उसे रौंद दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया और परिजनों को हादसे की खबर दी। जाजमऊ थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

#### रिपोर्ट दर्ज

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में एक युवक द्वारा आत्मदाह के प्रयास के मामले में पुलिस ने घटना के सात दिन बाद नामजद आठ लोगों समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पनकी रोड कल्याणपुर कला निवासी अभिषेक दीक्षित के मुताबिक उनके बड़े भाई अनुराग दीक्षित ने कुछ समय पहले कल्याणपुर थाने में पड़ोसी शुभम कटियार सहित 19 लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


## कानपुर विकास प्राधिकरण

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भवनों के आवंटन हेतु लाटरी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत निजी विकासकर्ता मेसर्स ट्रेड स्टोन लि. द्वारा प्रस्तावित मगरवारा (गोकुलधाम) योजना उन्नाव के अवशेष 218 फ्लैटों के आवंटन हेतु दिनांक 19.02.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे लाटरी के माध्यम से किया जाना है, जिसके लिये उपरोक्त तिथि को मोतीझील स्थित प्राधिकरण भवन के भूतल पर स्थित अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में सूडा द्वारा चयनित पात्र आवेदकों के मध्य लाटरी डाली जायेगी। लाटरी में सम्मिलित आवेदकों की अन्तिम सूची प्राधिकरण की वेबसाईट www.kdaindia.co.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि पर लाटरी में उपस्थित रह सकते हैं।

लाटरी स्थल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण धनराशि की मूलप्रति एवं पहचान पत्र साथ लाना होगा।

(अभय कुमार पाण्डेय)
सचिव
कानपुर विकास प्राधिकरण


---

## अपराध

### युवती ने रकम खत्म होने पर देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया

# साइबर शातिरों ने युवती को झांसा देकर 15 लाख ठगे

संवाददाता कल्याणपुर



**अमृत विचार।** कल्याणपुर की एक युवती को साइबर शातिरों ने जाल में फंसाकर उससे 15 लाख रुपये ठग लिए। युवती के पास रकम खत्म होने प शातिरों ने ब्लैकमेलिंग शुरू की। उससे वसूली के लिए देह व्यापार में धकेल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवती समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। युवती के अनुसार तीन साल पहले उसे एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज आया।

बातचीत के दौरान शातिर ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। एक वर्ष बाद शातिरों ने फिर से सोशल मीडिया के जरिए उससे संपर्क किया। इस बार शातिरों ने उसकी निजी तस्वीरें होने का दावा करते उन्हें वायरल न करने के नाम पर शुरुआत में 100 से 300 रुपये की मांग की। लेकिन धीरे-धीरे रकम हजारों रुपये प्रतिमाह तक पहुंच गई। जिसके लिए युवती ने पारिवारिक गहनें बेंचकर रकम अदा की। रुपये खत्म होने पर आरोपियों ने दबाव बनाकर युवती को देह व्यापार में भी धकेल दिया। वहां से मिली रकम को भी आरोपियों ने दबाव बनाकर हड़प लिया। इस तरह आरोपियों ने युवती से लगभग 15 लाख की पूरी रकम एक श्रद्धा कटियार नाम की युवती के खाते में जमा कराई। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

#### बुजुर्ग के खाते से 3.05 लाख पार

- **कानपुर।** नजीराबाद में साइबर ठगों ने बुजुर्ग के खाते से 3 .05 लाख रुपये पार कर दिए। शातिरों ने फोन कर एपीके फाइल डाउनलोड करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने साइबर सेल व पुलिस से शिकायत की है। कौशलपुरी गुमटी नंबर पांच निवासी राजेंद्र तनेजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ फरवरी को एक अंजान नंबर से उनके पास कॉल आई। उसने झांसे में लेकर एक एपीके फाइल डाउनलोड कराने की कोशिश की। ठग के कॉल करने की जानकारी होते ही तुरंत डेबिट कार्ड ब्लाक कर दिया। इसके बावजूद भी 10 फरवरी की सुबह बिना किसी ओटीपी के 62 बार में खाते से रुपये निकल गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबल सेल की मदद से जांच की रही है।

#### एपीके फाइल इंस्टाल होने पर मोबाइल हैक हुआ, एक लाख पार

- **कानपुर।** रेलबाजार में पीड़ित के मोबाइल पर आरटीओ चालान की एपीके फाइल इंस्टॉल हो गई। जिससे साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर खाते से एक लाख रुपये पार कर लिए। फेथफुलगंज निवासी सईद अख्तर अंसारी ने दी तहरीर में बताया कि बीती 15 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर अनजान कॉल आई। उसके बाद आरटीओ चालान एपीके इंस्टॉल हो गया। जिसके बाद उनका मोबाइल हैक हो गया। फिर साइबर ठगों ने मोबाइल का एक्सिस लेकर बैंक एप से उनके नाम फर्जी 73 हजार का लोन करा लिया। लोन की रकम समेत उनके खाते से कुल एक लाख रुपये निकाल लिए। फोन ऑन करने पर उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने बैंक की शाखा में जाकर संपर्क किया तो पता चला कि आरोपियों ने पूरी रकम दो बार में कोलकाता के दो अलग-अलग एटीएम से निकाली है। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।


## उत्तर प्रदेष सरकार
### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

कानपुर वृत्त, लो.नि.वि., 16/22 सिविल लाइन्स, कानपुर-208001
Email Id :- sekanpurcircle@gmail.com

पत्रांक : 805सी0/131सी0-का0वृ0/2025-26 दिनांक : 06.02.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में सुसंगत श्रेणी में "मार्ग कार्य" हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्णकरने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधानसभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत कार्य। | | | | | | | |
| 1. | कानपुर नगर (प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर। | जनपद कानपुर नगर में पी0जी0बी0 किमी0 49 से बरीमेहतन शाखाहारी चौराहा वाया हरवंषपुर बावन मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 1456.80 | 29.14 | 7714 (जी0एस0टी0 सहित) | 12 माह | "ए" (मार्ग कार्य) |
| 2. | कानपुर नगर (प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर। | पी0जी0बी0 किमी0 44 से गोपालपुर कोरिया होते हुए सवाईपुर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 1790.20 | 30.00 | 7714 (जी0एस0टी0 सहित) | 12 माह | "ए" (मार्ग कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.02.2026 से 24.02.2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं, भरे हुए बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन द्वारा उक्त वेबसाइट पर दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

शासनादेश संख्या-14/2020/879/तेईस-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा चाणक्य साफ्टवेयर में लॉगिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख लोड किये जायेंगे एवं प्रहरी से टेक्निकल शीट ई-1 डाउनलोड कर ई-टेण्डर पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

(अनूप कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कानपुर नगर

(अनिल कुमार)
अधीक्षण अभियंता
कानपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
कानपुर

UP - 246087 दिनांक: 13/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## सिटी ब्रीफ

### युवक को पीटने का वीडियो वायरल

**शिवराजपुर ।** कुकुरी गांव में शुक्रवार की दोपहर सोशल मिडिया पर एक युवक को लाठी डंडे से पीटते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था । हांलाकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है । मारपीट में एक युवक घायल हो गया । पीड़ित की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । कुकरी गांव निवासी प्रमोद ने थाने मे दी तहरीर मे बताया कि वह अपने घर पर बैठा था । तभी गांव के शिवम, सिपाही, बब्लू, अशीष, रीशू, विमला, पूनम और दीपेश ने हमला कर दिया । उन्होंने बताया कि दबंगों ने घर पर ईंट-पत्थर भी फेंके । थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयीं है । जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा |

### बाल्मीकि बस्ती में बारातशाला बनवाई जाए: नसीम सोलंकी

**कानपुर ।** विधानसभा में सदन की कार्यवाही के दौरान शनिवार को सीसामऊ की विधायक नसीम सोलंकी का शायराना अंदाज देखने को मिला । नसीम सोलंकी ने जन-समस्याएं उठाते हुए मांग की कि बाल्मीकि बस्ती में बारातशाला बनवाई जाए, महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा हो, धार्मिक स्थलों का सुन्दरीकरण किया जाए और महिलाओं की सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएं । कहा कि घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को न्याय मिले । साथ ही युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता जताते हुए इस पर ध्यान देने की बात भी कही । खराब सड़कों और खुले नालों का मुद्दा भी उठाया । विधायक नसीम ने अपनी बात इस शायरी के साथ खत्म की कि मैं गिरी न मेरी उम्मीदों की दीवार गिरी, पर मुझे गिराने में लोग कई बार गिरे, सवाल जहर का नहीं था, वो तो मैं हंसते हंसते पी गई, तकलीफ तो लोगों को तब हुई, जब में फिर जीत गई ... उनका यह अंदाज हिट हो गया और सराहना के साथ तालियां भी मिलीं ।

### ससुरालीजनों ने विवाहिता के साथ किया अत्याचार

**चौबेपुर ।** क्षेत्र के बंसठी गांव में विवाहिता के गर्भ में बेटी पलने की जानकारी पर ससुरालीजनों ने उसके साथ अत्याचार किया ।गर्भ में ही बेटी की मौत से दुखी महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है । क्षेत्र के बंसठी गांव की निवासी राधा पत्नी विमलेश ने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 15 मार्च 2023 को हुई थी । गर्भ में बच्चा आने के बाद कुछ समस्या के चलते चिकित्सकों ने आपरेशन से प्रसव कराने की सलाह दी थी । बावजूद इसके झोलाछाप जेठ ने प्रसव पीड़ा से कुछ दिन पहले अपने किसी परिचित के माध्यम से अल्ट्रासाउंड करा गर्भ में बेटी के होने की जानकारी पर गांव की एक महिला को घर में बुला प्रसव कराने का प्रयास कराया । हालत बिगड़ने पर उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया । जहां ऑपरेशन से उसे मृत बेटी पैदा हुई । उसका गर्भपात करा दिया गया । मामले में जानबूझकर लापरवाही बरते जाने की जब उसे जानकारी हुई तो उसने विरोध जताया । जिस पर सुसराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया । मामले में पुलिस आयुक्त के आदेश पर पुलिस ने पति विमलेश, ससुर, सास और जेठ-जिठानी सहित 11 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कराई जा रही है ।

**परेशान हाल गैर मुस्लिम लोगों की भी मदद करें, ईद की खुशियों में शामिल करें**

# रमजान में गरीब, कमजोर, पड़ोसी अनाथ को सहरी व इफ्तार कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक के महीने में गरीबों और कमजोर वर्गों का भरपूर सहयोग किया जाए। विशेषकर अनाथों, बेवाओं, मुहल्ले और पड़ोस के परेशान हाल लोगों को इफ्तार व सहरी में याद रखें उन्हें ईद की खुशियों में शामिल करें। आवश्यक वस्तुओं के पैकेट बना बनाकर उनके घरों में पहुंचाएं। इम्दादी रकम (सहायता राशि) से गैर मुस्लिम गरीबों की भी मदद करें। इस माह को पैगंबर मोहम्मद साहब ने गमख्वारी (परेशान लोगों का हाल चाल जानने) और सहानुभूति का महीना करार दिया है इसकी अपेक्षा है कि हम उदार दिल के साथ गरीबों की सेवा करें। शनिवार को रजबी रोड स्थित जमीअत बिल्डिंग में कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी के अध्यक्ष मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी, महासचिव मौलाना खलील अहमद मजाहिरी, मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने ये बात पत्रकार वार्ता में कही।



जमीअत बिल्डिंग रजबी रोड पर पत्रकारों से वार्ता करते उलेमा। अमृत विचार

### सहरी-इफ्तार में सबका ख्याल रखें, साउंड कम रखें

- **कानपुर ।** रमजान-उल-मुबारक के महीने में शिया समुदाय के उलेमा ने अपनी हेल्पलाइन जारी की है ताकि किसी भी रोजेदार को कोई शरई मसला पूछना हो तो जानकारी ले सकता है । महिलाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया जा गया है जिसमें महिलाओं से जुड़े सवालों का जवाब ख्वाहर निशात फातिमा और हसीन फातिमा हेल्पलाइन नंबर 9335339093 पर सवालों के जवाब देंगी । ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने कहा कि यूनिट ने हेल्पलाइन जारी की है । बैठक में शिया ओलमाओं ने कहा कि माहे रमजान के दौरान अपने आसपास लोगों का ख्याल रखें ।

### खुले में खाना पीना शरीयत का मजाक

- मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने कहा कि हर बालिग मुसलमान पर पूरे महीने रोजा रखना फर्ज (जरूरी) है । मुसाफिर, मरीज, माजूरे शरई (शरई मजबूरी) व बूढ़े लोगों को छोड़कर अच्छे खासे सेहतमन्द लोगों का रोजा न रखना और भूख-प्यास की शिद्दत को बर्दाश्त करने की हिम्मत ना करना यह बहुत बड़ा गुनाह है जो अल्लाह के अजाब को दावत देता है । खुले आम पान, गुटखा, मसाला सरेआम खाया-पिया न जाये और मुस्लिम मुहल्लों में दिन के समय चाय-पान और होटलों को खुला रखा जाये ।

### बिजली, पानी, मार्ग प्रकाश, सड़कें ठीक कराएं

- **कानपुर ।** मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने प्रशासन से मांग की है कि रमजान में बिजली, पानी, और मुस्लिम महिल्लों में सफाई का खास ख्याल रखा जाए उन्होंने कहा है कि सहरी,इफ्तार और तरावीह के वक्त बिजली कटौती ना की जाए । इस मौके पर मुफ्ती अब्दुर रशीद कासमी, मौलाना मोहम्मद अनीस खान कासमी, मौलाना मोहम्मद इनामुल्लाह कासमी, मुफ्ती सैयद मोहम्मद उस्मान कासमी, मुफ्ती सऊद मुरशिद कासमी, मुफ्ती हिफ्जुर्रहमान कासमी, मुफ्ती सअद नूर कासमी, मुफ्ती मोहम्मद दानिश कासमी और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

### हेल्पलाइन में उलेमा से शरई मसला जानिए

- मौलाना मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी 9450120937
- मौलाना खलील अहमद मजाहिरी 9889370978
- मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी 9984181490
- मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी 9839848686
- मौलाना मोहम्मद इनामुल्लाह कासमी 9935588996
- मौलाना मोहम्मद अनीस खां कासमी 9926705786
- मौलाना मुफ्ती मोहम्मद उसमान कासमी 8423779585
- मौलाना मुफअती अजीजुर्रहमान कासमी 7860334030
- मौलाना मुफ्ती साद नूर कासमी 9721259870

### शिया बोर्ड की हेल्पलाइन पर मसला जानें

- मौलाना नसीम अब्बास अध्यक्ष शिया ओलेमा बोर्ड मोबाइल नंबर 7860137954
- मौलाना अलमदार हुसैन मोबाइल नंबर 9307201229
- मौलाना अजहर अब्बास मोबाइल नंबर 93353 21962
- मौलाना हामिद हुसैन मोबाइल नंबर 8299057012
- मौलाना शाहिद इमाम बाकरी मोबाइल नंबर 93353 21962



### विद्यालय में थीम बेस्ड असेंबली

**कानपुर ।** पनकी डी ब्लॉक स्थित विद्यालय कमल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ज्ञानोत्सव का आयोजन हुआ । सप्ताहिक आयोजन में विद्यालय में थीम बेस्ड असेंबली हुई, जिसमें पर्यावरण मातृ पितृ बंधन, गुरुजन सम्मान विषयों पर छात्र एवं छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया । इसके अलावा मोटिवेशनल स्टोरी, 2 मिनट चैलेंज में विभिन्न सामाजिक विषयों पर छात्र एवं छात्राओं को बोलने की चुनौती दी गई । जिसमें छात्र एवं छात्राएं सहभागी रहे । इसी तरह मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में कृष्ण कुमार दुबे द्वारा छात्र एवं छात्राओं को विभिन्न बिंदुओं पर प्रेरित किया गया । इसमें समय प्रबंधन, भाषा ज्ञान, सम्मान , मोबाइल से दूरी , समाचार पत्र को प्रतिदिन पढ़ने की प्रेरणा सहित अन्य मुद्दों पर प्रेरणा दी गई । ज्ञानोत्सव में प्रबंधक प्रबंधिका डॉ रेखा दुबे, प्रधानाचार्या सुरभि दुबे , समन्वयक केवी पॉल, अजय रायजादा , सौरिन घोष सहित अन्य रहे ।



### बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**कानपुर ।** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित हुआ । प्रतियोगिता में सौ मीटर दौड़, योग प्रदर्शन, डंबल अभ्यास, जलेबी रेस जैसी प्रतियोगिताएं हुई । समारोह में मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह मौजूद रहे । प्रान्त संघ चालक भवानी भीख तिवारी व प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह मौजूद रहे ।

# कंटेनर के पहिए में फंसा बाइक सवार, बीस मीटर घिसटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** चकेरी। जाजमऊ फ्लाई ओवर पर शुक्रवार रात एक बाइक सवार मजदूर की बाइक का हैंडल कंटेनर के पिछले हिस्से में फंस गया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर कंटेनर के पिछले पहिये में जा फंसा। चालक ने कंटेनर करीब बीस मीटर तक भगा दिया। जिससे बाइक सवार की पहिये में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।




उन्नाव के गंगा घाट के झब्बूपुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी और तीन बेटियां शिवानी, मानसी, नैंसी व एक बेटा शिवम हैं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात वह काम से बाइक लेकर रामादेवी फ्लाई ओवर से वापस घर लौट रहे थे। तभी जाजमऊ फ्लाई ओवर पर विश्वकर्मा द्वार के पास तेज रफ्तार कंटेनर के ओवरटेक करने में उनकी बाइक हैंडल कंटेनर के पिछले हिस्से में टकराकर फंस गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर कंटेनर के पिछले टायर की चपेट में आ गए। जिसके बाद वह टायर में फंसकर करीब 20 मीटर तक घिसटते रहे। यह देख राहगीरों ने शोर मचाया। तो कंटेनर चालक गाड़ी रोककर वहां से भाग निकला। जिसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया। जिसके बाद वे थाने पहुचें। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कंटेनर के पिछले हिस्से से टकराकर बाइक सवार पहियों में फंस गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से तहरीर लेकर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर ।** एसजीएम इण्टरनेशनल स्कूल के छात्र-- छात्राओं द्वारा साइंस व मैथ एक्यूबेशन का आयोजन हुआ । जिसकी शुरुआत कान्हा अस्पताल के एमडी डॉ. सुनोद श्रीवास्तव ने किया । इस दौरान जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अर्पित श्रीवास्तव भी मौजूद रहे । आयोजन के दौरान प्री प्राइमरी के बच्चो की ओर से आकर्शक प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शनी में अभिभावकों ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और तीव्र बुद्धिमता की खूब सराहना की । प्रदर्शनी में बच्चों ने लगभग 70 से 80 वर्किंग मॉडलों को प्रदर्शित किया । सभी मॉडलों को चलाकर उनके बारे में अनेक प्रकार जानकारी भी दी । रोबोटिक्स में बच्चों ने कई तरह के एक से बढ़कर एक मॉडलों का प्रदर्शन किया । आयोजन के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक ने विचार व्यक्त किए । विद्यालय के निदेशक चन्द्र प्रकाश गुप्त, प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक, उप-प्रधानाचार्या उमा निगम मौजूद रहे ।



# 4 डंपर सीज किये और 10 लाख रुपये जुर्माना वसूला

संवाददताता , बिल्हौर

**अमृत विचार ।** शासन के सख्त निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। ककवन-बिल्हौर मार्ग पर कानपुर देहात की ओर से आ रहे मौरंग और गिट्टी से लदे ओवरलोड डंपरों पर शिकंजा कसते हुए अधिकारियों ने न केवल वाहनों को सीज किया, बल्कि भारी-भरकम जुर्माना भी वसूला।

एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित के नेतृत्व में शनिवार तड़के से ही चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान टीम ने कुल 10 संदिग्ध गाड़ियों को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि कई वाहन अपनी क्षमता से कहीं अधिक भार ढो रहे थे। मानकों का उल्लंघन करने और अत्यधिक ओवरलोड होने के कारण 4 डंपरों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इस विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने नियम तोड़ने वाले वाहन स्वामियों पर लगभग 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसे सरकारी कोष में जमा करा दिया गया है। जांच के दौरान कई वाहनों के पास न तो पर्याप्त बीमा दस्तावेज मिले और न ही खनन की पूरी रॉयल्टी रसीदें मिलीं। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए राजस्व, परिवहन और पुलिस विभाग का संयुक्त दल सक्रिय रहा। इस टीम में मुख्य रूप से एआरटीओ कैकशा खातून, खनन इंस्पेक्टर पारसनाथ, एसीपी मंजय सिंह, बिल्हौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार और ककवन थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत मौजूद रहे। एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सड़कों को क्षति पहुंचाने और दुर्घटनाओं को न्योता देने वाले ओवरलोड वाहनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



ओवरलोड डंपरों की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

- **ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन का बड़ा एक्शन**

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा आज से

**बिठूर।** महादेवन मंदिर परगही बांगर मन्धना में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आज से होना सुनिश्चित हुआ है। आयोजन समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कथा का प्रारंभ भव्य कलश यात्रा से किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भाग लेंगी।

समिति ने बताया कि कलश यात्रा प्रातः 11 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कथा स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा के माध्यम से समाज में धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्वेता सिंह, प्रखर पंडित, प्रद्युम्न, कुंवर विक्रम सिंह, अमन यादव, भानू पंडित समेत क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# महाशिवरात्रि आज, तैयारी पूरी

संवाददताता , बिल्हौर

**अमृत विचार ।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित और एसीपी मंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर, दूधेश्वर मंदिर और सरैया घाट का भ्रमण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों को देखा। इस दौरान शिवराजपुर एसओ अमित सिंह भी मौजूद रहे। एसडीएम ने मंदिर समितियों और संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बता दें की खेरेश्वर मंदिर बिल्हौर तहसील क्षेत्र का सबसे बड़ा प्राचीन शिव मंदिर है, जहां पर शिवरात्रि के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और गंगा में स्नान के बाद बाबा शिव को जलाभिषेक करते हैं। इन्हीं सब तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी द्वारा मंदिर कमेटी के लोगों के साथ में बैठक की गई तथा उनकी तैयारी का जायजा लिया।

**शिव बारात के रूट का लिया जायजा:** मंदिरों के निरीक्षण के उपरांत एसडीएम संजीव दीक्षित ने बिल्हौर कस्बे में प्रतिवर्ष निकलने वाली भव्य शिव बारात के आयोजन को लेकर आयोजकों के साथ बैठक की। उन्होंने बारात के निर्धारित रूट का बारीकी से निरीक्षण किया और नगर पालिका प्रशासन को पूरे मार्ग पर विशेष साफ-सफाई, चूना छिड़काव और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। बता दें की ओंकारेश्वर सेवा समिति के द्वारा बीते कई वर्षों से लगातार शिवरात्रि के मौके पर शिव बारात का आयोजन किया जाता है, जिसमें बिल्हौर कस्बे के साथ आसपास के जुड़े गांवों के लोग भी भारी संख्या में पहुंचते हैं। इन्हीं सब कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेते हुए आयोजन समिति के साथ उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित एसीपी मंजय सिंह और थाना प्रभारी सुधीर कुमार द्वारा बैठक आयोजित की गई । बैठक में तमाम समस्याओं के बारे में चर्चा की।



मंदिर का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- **एसडीएम और एसीपी ने किया मंदिरों का निरीक्षण**

**आयोजन** | **कश्मीर युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य समापन**

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार ।** कश्मीर युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के छठें एवं अंतिम दिन विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

छठें दिन की शुरुआत कश्मीरी युवाओं की युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के साथ संवाद से हुई। इस संवाद सत्र में युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। सचिव ने युवाओं को भारत के विकास में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इसके बाद "राष्ट्र निर्माण एवं भारत @2047 के विजन" विषय पर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प, नवाचार, आत्मनिर्भरता और युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीए अंकुर, अध्यक्ष, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गए तथा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। जिला युवा अधिकारी, कानपुर नगर अनुपम कैथवास द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।



प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

# शहीदों की याद में दी श्रद्धांजलि

संवाददताता , बिल्हौर

**अमृत विचार ।** पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों की शहादत को युवाओं और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से याद किया। इस अवसर पर ककवन और बिल्हौर में उनकी याद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ककवन में विकासखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर एक विशाल कैंडल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों के बलिदान को नमन किया। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान वहां पर मौजूद वक्ताओं ने पाकिस्तान की कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर सोनू सविता, अखिलेश अवस्थी, सूरज सेंगर,अंटू, हीरो सिंह, वीर बहादुर सिंह, सचिन राठौर समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय युवा मौजूद रहे।

वहीं बिल्हौर कस्बे के नगर पालिका चौराहे पर भी शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर भी स्थानीय लोगों ने एकत्र होकर पुलवामा हमले के बलिदानियों को पुष्प अर्पित किए और उनकी वीरता व शौर्यता को याद किया।



कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### समाधान दिवस में 4 शिकायतें आईं

**शिवराजपुर।** शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से संबंधित कुल चार शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए। नायब तहसीलदार ने लेखपाल से जांच कर निस्तारण करने की बात कही।

रवांलालपुर गांव निवासी शहरुनिशा पत्नी राज मोहम्मद ने दी गई शिकायत में बताया कि चन्टा पुत्र बनवारी लाल समेत कई लोग मेरी जमीन पर कब्जा किए हैं। सुघरदेवा गांव निवासी अतर सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने भी अपनी शिकायत में बताया कि मेरी पट्टे की जमीन पर विकास पुत्र बाबूलाल अवैध रूप से कब्जा किए है । बहरमापुर गांव निवासी प्रमोद पुत्र राम दत्त ने बताया कि मेरी पट्टे की जमीन पर गांव के दबंग लोग कब्जा किए हैं। कई वर्षों से वह थाना कचहरी के चक्कर लगा रहा है किंतु अभी तक उसका निस्तारण नहीं हो पाया है।

